# योगाभ्यास के लिये नेताओं से लेकर आमजन में दिखा उत्साह



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जयपुर के जंतर-मंतर पर योग किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान तथा अन्य की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

- सूरज की पहली किरण के साथ राज्यपाल, केंद्रीय मंत्रियों और अन्य नेताओं ने विभिन्न जगहों पर किया योगाभ्यास
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

**जयपुर** (का.सं.)। जयपुर में आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज राज्यपाल कलराज मिश्र, केन्द्रीय मंत्रियों तथा अन्य कई नेताओं के साथ विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में सूरज की पहली किरण के साथ ही लोगों के योगाभ्यास करने से माहौल योगमय बन गया।

इस मौके राजभवन में आयोजित योग कार्यक्रम में मिश्र ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योग किया। इस दौरान उन्होंने योग से जुड़े गतिशील और स्थिर आसन एवं अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि प्राणायाम किए। इस मौके राज्यपाल ने कहा कि यौगिक दिनचर्या से जीवन को स्वस्थ रखने के साथ ही मन को भी सदा सकारात्मक बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति है। उन्होंने योग साधना की भारतीय परम्परा की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीनकाल से ही योग व्यक्तिगत, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण से जुड़ी हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग की भारतीय संस्कृति का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परम्परा का प्रमाण है।

इस अवसर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने दुनिया में योग भारतीय सभ्यता की देन बताते हुए कहा कि भारत में सदियों से इसका पालन किया जाता रहा है और स्वस्थ तन और स्वस्थ दिमाग के लिए योग का अभ्यास फायदेमंद होता है।

उधर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनिया ने एसएमएस स्टेडियम में पतंजलि योगपीठ की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेकर योग किया। इसके बाद डा पूनियां सांगानेर स्टेडियम में नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में भी शरीक हुए और योगाभ्यास किया। इस मौके उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग की उद्गम स्थली भारत ने योग के महत्व को दुनिया भर में फैलाया है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए योग करना बहुत आवश्यक है। इस अवसर जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा एवं भाजपा के अन्य कई नेता और सफाईकर्मियों ने योग किया। इसी तरह केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जयपुर के जंतर-मंतर पर योग किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान तथा अन्य की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इनके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा अन्य कई नेताओं ने लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। जयपुर में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 83वीं बटालियन ने जयपुर के अल्बर्ट हॉल के सामने योगाग्यास करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ और योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न शहरों में विभिन्न स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनमें लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में पतंजलि योगपीठ की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेकर योग किया।

# भाजपा कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी

- सतीश पूनिया पाली जिले के फालना में, चंद्रशेखर करौली, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी दिल्ली में करेंगे जनसंपर्क
- सतीश पूनिया 22 जून को पाली, सिरोही और 23 जून को चित्तौड़गढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 8 वर्ष के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये भाजपा राजस्थान इकाई द्वारा 22 और 23 जून को प्रदेश के सभी जिलों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि जनसंपर्क अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में आमजन व प्रबुद्धजनों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा भी करेंगे। 22 जून को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां पाली जिले के फालना नगर मण्डल में बूथ नंबर 127 पर स्व. सुंदर सिंह भंडारी को पुष्पांजलि अर्पित कर मोदी सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर जनसंपर्क कर संवाद करेंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर करौली में, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया उदयपुर में, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ चूरू में, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी नई दिल्ली में, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा डूंगरपुर, भजनलाल शर्मा जयपुर, मदन दिलावर कोटा, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी नागौर, मुकेश दाधीच झुंझनूं, सीपी जोशी चित्तौड़गढ़, सरदार अजयपाल सिंह जयपुर में जनसंपर्क करेंगे और साथ ही दो दिवसीय जनसंपर्क अभियान में प्रदेश के सभी जिलों में यह कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

डॉ. सतीश पूनिया ने 22 जून को पाली व सिरोही और 23 जून को चित्तौड़गढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. पूनिया 22 जून को जयपुर से सुबह 4.50 बजे ट्रेन द्वारा फालना के लिये प्रस्थान करेंगे, जहां वे सुंदर सिंह भंडारी को पुष्पांजलि अर्पित कर मोदी सरकार के 8 वर्ष के सुशासन पर बूथ नंबर 127 पर जनसंपर्क करेंगे। इसके बाद पूनिया का सुमेरपुर में स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम है, सिरोही में वे श्री गणेश आश्रम में शिव पंचायतान महायज्ञ महोत्सव में शामिल होंगे, पिण्डवाणा में विधायक समाराम गरासिया के निवास स्थान पर पहुंचकर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

23 जून को डॉ. पूनिया निम्बाहेड़ा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मंगलवाड़ पहुंचकर विधायक ललित कुमार ओस्तवाल के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, इसके बाद चित्तौड़गढ़ में पूर्व विधायक बद्री जाट के निवास पर पहुंचकर उनके भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

## रूफटॉप सोलर लगाने वालों को हतोत्साहित कर रहा डिस्कॉम : राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं से 17 रुपये प्रति यूनिट तक की दर से 13 हजार करोड़ रुपये की महंगी बिजली खरीदने वाली कांग्रेस सरकार रुफटॉप सोलर पैनल से बिजली उत्पादन करने वाले लोगों को हतोत्साहित करते हुए बिजली खरीद के बदले 3.14 रु प्रति यूनिट की दर से भुगतान करने से परहेज कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि डिस्कॉम रुफटॉप सोलर लगाने वालों से बिजली खरीदने पर अब 3.14 रु प्रति यूनिट की बजाय उन्हें सिर्फ 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करेगा और अन्य विद्युत उपभोक्ताओं को महंगी दरों पर बिजली आपूर्ति कर जमकर चांदी कूटने का काम करेगा।

## बीएसएफ जवान के आश्रितों को मुआवजा देने का आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संख्या-1 महानगर द्वितीय ने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल बीमा कंपनी को कहा है कि वह दुर्घटना में मारे गए बीएसएफ जवान के आश्रितों को 57 लाख साठ हजार रुपए का मुआवजा दो माह में अदा करे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक से रिकवरी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और निदेशक सहित अन्य से जवाब मांगा है
- याचिका में कहा कि संस्था प्रधान ने दुर्भावनावश देरी से दस्तावेज भिजवाए

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त शिक्षक को राहत देते हुए उसके पेंशन खाते से की जा रही रिकवरी पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और निदेशक सहित अन्य से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश यह आदेश बनवारी लाल गोयल की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रमाकांत गौतम ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता गत 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुआ था। सेवानिवृत्ति से छह माह पूर्व संस्था प्रधान को याचिकाकर्ता के सेवा संबंधी दस्तावेज पेंशन विभाग को भिजवाए जाने थे, ताकि उसकी समय पर पेंशन शुरू हो सके। इसके बावजूद संस्था प्रधान ने दुर्भावनावश देरी से दस्तावेज भिजवाए। जिसके कारण याचिकाकर्ता को पेंशन परिलाभ का भुगतान देरी से हुआ।

वहीं उसके उपार्जित अवकाश की गणना कर दो बार गलत भुगतान का हवाला देकर पेंशन खाते से रिकवरी भी की जा रही है। याचिका में कहा गया है कि नियमों के तहत यदि तय समय में पेंशन शुरू नहीं होती है तो सेवानिवृत्त कर्मचारी नौ फीसदी ब्याज का भी अधिकारी होता है। ऐसे में याचिकाकर्ता से की जा रही रिकवरी पर रोक लगाए जाए और उसे नौ फीसदी ब्याज का भुगतान कराया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए रिकवरी आदेश पर रोक लगा दी है।

## करौली जिले को देश में दूसरा स्थान

**जयपुर**। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड-2022 में करौली जिले को एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट की श्रेणी में दूसरा स्थान मिलने पर बधाई दी है।

# ग्राम पंचायत सहायक के पद पर नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायत सहायक पद पर विद्यार्थी मित्र को नियुक्ति नहीं देने पर पंचायती राज सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, बारां कलेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित अन्य से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश संजय कुमार महला व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पूर्व में विद्यार्थी मित्र के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुका है। उसने ग्राम पंचायत सहायक के पद पर आवेदन किया था, लेकिन उसे नियुक्ति नहीं दी गई। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने याचिकाकर्ता के बजाए ऐसे व्यक्ति का चयन कर लिया, जिसके पास विद्यार्थी मित्र का अनुभव नहीं था। जबकि नियमानुसार याचिकाकर्ता को भर्ती में वरीयता दी जानी चाहिए थी। याचिका में यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रतिवेदन भी पेश की, लेकिन उसका भी विधिनुसार निस्तारण नहीं किया गया। याचिकाकर्ता के अनुभवी होने के बावजूद भी उसे चयन से वंचित किया जा रहा है। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## राजे की कृपा दृष्टि से बची राजस्थान की सरकार : आचार्य प्रमोद कृष्णन

**जयपुर**। महाराष्ट्र की शिवसेना की सरकार पर खतरा होने के साथ ही कांग्रेस के दिग्गज नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मीडिया में बयान देते हुए कहा कि पिछले दिनों राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की वजह से नहीं बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की कृपा दृष्टि के कारण बची थी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों राजस्थान में भी सरकार पर संकट आया था तब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने विधायकों को 55 दिन तक होटल में रखा और उसके बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सहमति के कारण वे सरकार बना पाए। इस तरह की चर्चाएं उस समय भी काफी हुआ करती थी लेकिन आज अचानक यह चर्चा एक बार फिर कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन के बयान के बाद शुरू हुई।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार शाम को राजभवन में जस्टिस शिन्दे सम्भाजी शिवाजी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस शिन्दे ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। समारोह के शुरू में मुख्य सचिव उषा शर्मा ने जस्टिस शिन्दे को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी, मंत्रिमण्डल के सदस्य, जनप्रतिनिधि, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, अधिकारी, अधिवक्ता एवं जस्टिस शिन्दे के परिजन उपस्थित रहे।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री लल्लूराम सोनी** (बालाहेडी वाले) का आकस्मिक निधन 20.06.2022 को हो गया है। तीये की बैठक 22.06.2022 को सायं 3 से 4 बजे तक निजनिवास-म.नं. 20, गोविन्द कॉलोनी, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** रामभरोसी (भाई), अमित-रजनी, प्रदीप-वंदना (पुत्र-पुत्रवधु), विनय (पौत्र) एवं समस्त हाथोडीया परिवार।



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है, की हमारे पूजनीय पिताजी **श्री ओमप्रकाश जी वर्मा** का स्वर्गवास दिनांक 20.06.2022 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक दिनांक 22.06.2022 को सायं 5 से 6 बजे तक शिव मंदिर गली नंबर 17 शर्मा स्टोर के पास बरकत नगर पर होगी।

**शोकाकुलः** परमेश्वरी देवी (पत्नी), मनोज- शकुंतला, गजेंद्र- मंजू (पुत्र-पुत्रवधु), मनीष (भतीजा), वरुण, गौरव (पौत्र) एवं समस्त झींगा परिवार।

मो.- 9352906897, 9772313196

**राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 4488 **जाहिर आम सूचना** दि. 20.06.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या -31/470 (MIG-B) (एरिया 162.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का आवंटन श्री मोतीलाल नागवंश पुत्र श्री सोनारायण नागवंश को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3819 दिनांक 23.03.2002 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री मोतीलाल नागवंश के निवेदन पर उक्त आवास पर श्री राजेश कुमार नागवंश का नाम मण्डल रिकार्ड में आदेश क्रमांक 1824 दिनांक 30.09.2002 के द्वारा दर्ज किया गया। उक्त आवास का दिनांक 16.06.2010 को श्री मोतीलाल नागवंश एवं श्री राजेश कुमार नागवंश के पक्ष में पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कर दिया गया। तत्पश्चात श्री राजेश कुमार नागवंश द्वारा अपना 1/2 हिस्सा अपने भाई श्री मोतीलाल नागवंश के नाम हक त्याग कर दि. 16.06.2010 उप पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री मोती लाल नागवंश की मृत्यु दिनांक 22.05.2019 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती ग्यारसी देवी पत्नी स्व. श्री मोती लाल नागवंश द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति हो तो है, श्रीमती ग्यारसी देवी पत्नी स्व. श्री मोती लाल नागवंश का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आव. मंडल, जयपुर

**आम उद्घोषणा**
मै अपने अभिभाष्य राकेश कुमार पुत्र वैध ताराचन्द जैन जाति जैन निवासी पंचायत समिति लालसोट के पीछे खटवा रोड, कस्बा लालसोट जिला दौसा की हिदायतानुसार सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य के पुत्र रौनक पुत्र राकेश जैन तथा पुत्र वधु जागृति पत्नी रौनक जैन का आज दिनांक 21.06.22 से मेरे अभिभाष्य अथवा मेरे अभिभाष्य के परिवार से कोई सम्बन्ध वास्ता नही है तथा मेरा अभिभाष्य राकेश जैन अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति, व्यापार से अपने पुत्र रौनक जैन व पुत्र वधु जागृति जैन को तुरन्त प्रभाव से बेदखल करता है मेरे अभिमभाष्य के पुत्र रौनक जैन व पुत्रवधु जागृति जैन द्वारा किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, व्यापारी, इत्यादि से कर्ज लिया गया है वह अपनी जिम्मेदारी पर रहे मेरे अभिभाष्य राकेश जैन पुत्र ताराचन्द जैन, रौनक जैन तथा जागृति जैन के किसी भी वित्तीय लेनदेन के प्रति जिम्मेदार नही है तथा भविष्य में भी ऐसे किसी भी वित्तीय लेनदेन रौनक तथा जागृति जैन स्वयं व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार रहेंगे जिसमे मेरे अभिभाष्य राकेश जैन व्यक्तिगत अथवा उसकी जायदाद के जरिये जिम्मेदार नही हैं। सूचित रहे। संजीव जोशी एडवोकेट
राजस्थान उच्च न्यायालय, लालसोट, जिला दौसा-मो.न. 9829501293

**नाम परिवर्तन**

मैं JC-734808-K नायब सूबेदार विजय कुमार सोनी निवासी ग्राम बारी, पोस्ट करही ककरा, तहसील अमरपाटन, सतना बयान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम अंग्रेजी में Priansy गलत दर्ज है सही नाम प्रियांशी सोनी Priyanshi Soni है जरिए शपथपत्र दिनांक 5 जून 2022 मार्फत नोटरी पब्लिक जयपुर

मैंने (एल्विन थॉमस कंगन) अपनी पुत्री का नाम एरिका एल्विन कंगन से बदलकर एरिका कंगन कर रहा हूँ। भविष्य में मेरी पुत्री को एरिका कंगन के नाम से जाना जाऐं। पता-फ्लैट नं. 401, प्लाट नं. 89-90, रूद्र गणेशम, पटेल नगर, मानसरोवर, जयपुर।

I Mohini Devi Spouse of 608922G EX JWO Ganpat Singh R/o B-147 Jamnapuria Colony Murlipura Scheme Jaipur (Raj.) Have changed my Name From Mohini Devi to Mohani Devi Vide affidavit dated 20.06.2022 At Jaipur, Raj.

I, No 15337586K Hav Satendra Kumar R/o Vill.- Amanullapur, PO- Jhajhar, Teh.- Jaiwer, Dist.- Gautam Budha Nagar (UP) have changed my wife's name from Amosh to Amosh Thakur as per aadhar. Vide affidavit no. BF 638403 Dt. 13.06.2022

**खोया पाया**

प्लाट नं. 29-Z-04 (G.F.) प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का ओरिजनल भौतिक कब्जे की प्रति कहीं गुम हो गयी है। मिलने पर संपर्क करें- दिलीप कुमार वर्मा-मो.9314111070

मकान संख्या 85/40 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क- राम किशन मीना, 9214099739

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दी बुलियन एसोसियेशन लिमिटेड का 1 शेयर जिसका खाता संख्या 1198 प्रमाणपत्र संख्या 001211 शेयर नम्बर 4577 है, जो श्री सांवरलाल देवड़ा के नाम से जारी किया गया था, को ट्रांसफर करने हेतु उनकी एकमात्र वारिस पौत्री श्रीमती सीता देवी ने आवेदन किया है। इस विषय में किसी को कोई ऐतराज हो तो 30 दिन के अन्दर सूचित करें अन्यथा शेयर उनके नाम से ट्रांसफर कर दिया जावेगा। महेन्द्र अजमेरा (सचिव)

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर**
5वीं व 6ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone-0141-271805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-85/22 दिनांक-07.06.2022
**आम सूचना** संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर का भवन संख्या 1-झ-3 श्री शिवनाथ बंसल को आवंटित किया गया था। उक्त भवन श्रीमती सावित्री देवी पत्नि श्री राधेश्याम द्वारा क्रय किये जाने पर संघ द्वारा उपरोक्त भवन श्रीमती सावित्री देवी के पक्ष में हस्तान्तरण करते हुए परप्यूचल डीड एवं कन्वेंस डीड जारी की गई। तत्पश्चात उक्त भवन संख्या 1-झ-3 श्री विद्या भूषण शर्मा पुत्र श्री काशीनाथ शर्मा द्वारा जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.04.2005 को क्रय कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया गया है, जिस किसी को उक्त भवन हस्तान्तरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा स्थिति में भवन संख्या 1-झ-3 का हस्तान्तरण नियमानुसार श्री विद्या भूषण शर्मा के पक्ष में कर दिया जायेगा।
(आर.के.शर्मा) प्रबंध निदेशक, आवासन संघ लि., जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2-ख-9 नाहरी का नाका, जयपुर क्षेत्रफल 55.12 वर्गमीटर का आवंटन श्री गागन दास पुत्र श्री घुमान दास भगत को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11052 दिनांक 27.12.1980 जारी किया गया था। श्री गागन दास की मृत्यु दिनांक 26.06.1992 को हो जाने पर श्रीमती अंजु भगत पत्नी स्व. श्री जय किशन भगत के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती अंजु भगत पत्नी स्व. श्री जय किशन भगत के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
E-mail:Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक DHC-II/936 दिनांक- 21.06.22
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 119/04, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 189.00 वर्ग मीटर/वर्गगज का आवंटन श्री नरेश चन्द्र भार्गव पुत्र श्री रमेश चन्द्र भार्गव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 32 दिनांक 09.04.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 30.04.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2768 दिनांक 11.01.1991 के द्वारा श्री नरेश चन्द्र भार्गव पुत्र श्री रमेश चन्द्र भार्गव के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.12.1992 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री नरेश चन्द्र भार्गव की मृत्यु दिनांक 13.11.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती अंजू भार्गव पत्नी स्व. श्री नरेश चन्द्र भार्गव ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया हैं। श्रीमती अंजू भार्गव पत्नी स्व. श्री नरेश चन्द्र भार्गत के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती अंजू भार्गव पत्नी स्व. श्री नरेश चन्द्र भार्गव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
E-mail:Id: dhcjpr2.rhbrajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/316 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-17.06.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 122/229, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्गगज का आवंटन श्री समर सिंह पुत्र श्री आर.आर. कुमावत को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5005 दिनांक 23.12.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 13.02.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 714 दिनांक 17.06.1997 द्वारा श्री भरत सिंह का नाम जोड़ दिया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1594 दिनांक 10.11.2003 द्वारा श्री समर सिंह का नाम विलोपित करते हुए श्री भरत सिंह के एकल नाम से किया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1688 दिनांक 12.11.2003 द्वारा श्री भरत सिंह पुत्र श्री आर.आर. कुमावत के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। श्री भरत सिंह की मृत्यु दिनांक 07.06.2001 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी/पुत्री श्रीमती सीमा वर्मा पत्नी स्व. श्री भरत सिंह एवं सुश्री कामाक्षी सिंह पुत्री स्व. भरत सिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती सीमा वर्मा पत्नी स्व. श्री भरत सिंह एवं सुश्री कामाक्षी सिंह पुत्री स्व. भरत सिंह के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती सीमा वर्मा एवं सुश्री कामाक्षी सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय**
राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर,
दूरभाष: 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-1/H/299 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 324.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री जनार्दन सिंह गहलोत को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4714 दिनांक 15.02.2008 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 353 दिनांक 26.04.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर सप्तम् में दिनांक 03.09.2008 को करवाया गया था।
श्री जनार्दन सिंह गहलोत की मृत्यु दिनांक 28.04.2021 को हो जाने के पश्चात् श्रीमती मृदुल भदौरिया पत्नी स्व. श्री जनार्दन सिंह गहलोत के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा (will) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती मृदुल भदौरिया पत्नी स्व. श्री जनार्दन सिंह गहलोत के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

खाओ तो.... अच्छा खाओ
Since 1976
A Trusted Brand of Years
Rama's
A Brand of M.K.Tailoring House
KURTIS | RESORT
जयपुर एयरपोर्ट से मात्र 30 मिनट कि दूरी पर......



RESORT
DESTINATION WEDDING & ALL TYPE PARTIES
EVENT, FOOD & CATERING FACILITIES
FAMILY ACCOMMODATION | GARDEN | BANQUET HALL | SWIMMING POOL | RESTAURANT | HOTEL
Kouthan, Main Tonk Road Highway, Niwai
DESIGNER KURTIS
MANUFACTURER | WHOLESALER RETAILER
SARAOGI MANSION | GT CENTRAL
VAISHALI | MANSAROVAR | KOTA | DELHI
9414265911, 9261263628, 8233263628
for online shopping www.ramaskurti.com